Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of April, 2024.

High Level Committee meeting (by circulation) under the Chairmanship of Hon'ble Union Home Minister held on 22.04.2024 approved additional Central Assistance from NDRF, due to damages caused by Flood/ Flash Flood/ Land Slide/ Cyclone and Drought, to the States of Andhra Pradesh, Assam, Karnataka, Maharashtra, Sikkim and Tamil Nadu.

2. On 10.04.2024, Union Home Secretary reviewed the security preparedness in LWE affected areas for peaceful conduct of General Elections, 2024 and also the implementation of Action Plan to Counter LWE in Raipur, Chhattisgarh.

3. On 09.04.2024, meeting of the National Executive Committee (NEC) was held under the Chairmanship of Home Secretary to review the preparedness measures regarding ensuing Hot Weather conditions. Further, on 22.04.2024 Union Home Secretary had reviewed the preparedness measures of Indian Railways in this regard.

4. Union Home Secretary held a meeting with MEA and concerned stakeholders on 25.04.2024 to review the Indo-French bilateral cooperation including reinforcement of Homeland Security forces for the Olympic and Paralympic Games to be held in Paris in July, 2024.

5. Sub-Committee of National Executive Committee (SE-NEC) Union Home Secretary on 30.04.2024 to consider the proposal of Expansion and Modernisation of Fire Service, from the States of Himachal Pradesh, Punjab, Sikkim, Tripura and Uttarakhand. On 23.04.2024, Union Home Secretary had reviewed the Crisis Management Plan of MHA and Finalization of SOP on Crisis related to Nuclear/ Radiological Emergencies.

6. On 30.04.2024, Empowered Committee Meeting under the AS(LWE) held with officers of D/ o Financial Services and D/ o Post for Financial Inclusion in LWE affected districts. Two Advisories dated 17th and 24th April, 2024 issued to the State Governments to sensitize them to counter the LWE activities in the LWE affected areas.

7. The first negotiation meeting to discuss/ finalize the Agreement on Exchange and Mutual Protection of Classified Information between India & Italy was held on 25th-26th April, 2024 in New Delhi.

*****

गृह मंत्रालय - अप्रैल, 2024 की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय घटनाक्रम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम।

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 22.04.2024 को हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक (परिसंचालन द्वारा) में आंध्र प्रदेश, असम, कर्नाटक, महाराष्ट्र, सिक्किम और तमिलनाडु राज्यों को बाढ़/सैलाब/भूस्खलन/चक्रवात और सूखे से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एनडीआरएफ से अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी गई।

2. दिनांक 10.04.2024 को, केंद्रीय गृह सचिव ने शांतिपूर्ण तरीके से आम चुनाव, 2024 कराने के लिए वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की और रायपुर, छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए कार्य योजना के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की।

3. दिनांक 09.04.2024 को, आगामी ग्रीष्मकाल की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) की बैठक की गई। इसके अतिरिक्त, दिनांक 22.04.2024 को केंद्रीय गृह सचिव ने इस संबंध में भारतीय रेलवे की तैयारी की समीक्षा की।

4. जुलाई, 2024 में पेरिस में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए होमलैंड सिक्योरिटी फोर्सेज के प्रवर्धन सहित भारत-फ्रांस द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 25.04.2024 को विदेश मंत्रालय और संबंधित हितधारकों के साथ बैठक की।

5. केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एसई-एनईसी) ने दिनांक 30.04.2024 को हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा और उत्तराखंड की अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर विचार किया। दिनांक 23.04.2024 को, केंद्रीय गृह सचिव ने गृह मंत्रालय की संकट प्रबंधन योजना और परमाणु/रेडियोलॉजिकल आपात स्थितियों से संबंधित संकट के लिए तैयार किए गए एसओपी को अंतिम रूप देने की समीक्षा की।

6. वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में वित्तीय समावेशन के लिए वित्तीय सेवा विभाग और डाक विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 30.04.2024 को अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद की गतिविधियों से निपटने के लिए राज्य सरकारों को अवगत कराने के लिए दिनांक 17 और 24 अप्रैल, 2024 को दो एडवाइजरी जारी की गईं।

7. भारत और इटली के बीच संवेदनशील (क्लासीफायड) सूचना के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण पर समझौते पर चर्चा करने/उसे अंतिम रूप देने के लिए दिनांक 25-26 अप्रैल, 2024 को पहली वार्ता बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

*****